
मुण्डारी गीतकार

श्री बुदु बाबू और उनकी रचनाएँ

प्रीतपाला और रामायणपाला



अनुवादक-सम्पादक

रामदयाल मुण्डा

मुण्डारी गीतकार
श्री बुदु बाबू और उनकी रचनाएँ
प्रीतपाला और रामायणपाला

अनुवादक–सम्पादक

रामदयाल मुण्डा

प्रकाशक

मुण्डारी भाषा साहित्य परिषद्

सरना टोली, राँची कॉलेज के पीछे

राँची–834008 (झारखण्ड)

मुण्डारी गीतकार

श्री बुदु बाबू और उनकी रचनाएँ
प्रीतपाला और रामायणपाला

प्रकाशक : मुण्डारी भाषा साहित्य परिषद्
सरना टोली, राँची कॉलेज के पीछे
राँची–834008 (झारखण्ड)

प्रथम संस्करण : 1978

द्वितीय संस्करण : 2013

मुद्रक : आई. डी. पब्लिशिंग, कोकर, राँची–834001
मो. 094311 82812

मूल्य : 40/– रूपये

अनुक्रम

रामायण पाला रेआः दुराङ को	**रामायण पाला के गीत**	**पृष्ट**

भूमिका

भारतीय दर्शन में देशोपासना के लिए ज्ञान और भक्ति, परस्पर परिपूरक दो विशिष्ट मार्गों की परंपरा है। उपनिषद् साहित्य ने जिस ब्रह्म को ज्ञानमार्ग द्वारा समझाने का प्रयास किया है पौराणिक साहित्य ने जिस भक्तिमार्ग द्वारा आगे बाढ़ाया है। भक्तिसाहित्य के निर्माण में भागवत पुराण का योग सम्भवत: स्र्वाधिक महत्वपूर्ण हैं। पूरबी भारत में भागवत पुरान उल्लिखित कृष्णकथा हो आगे चलकर जयदेव (10वीं शताब्दी) प्रभृत संस्कृत कवियों द्वारा भक्तिशृंगार मिश्रित गीतों में दुहराई जाती है। वही कथा मध्ययुगीन विद्यापति और चण्डीदास के गीतों का आधार बनती है। 17वीं शताब्दी के संत श्री चैतन्य अपनी पूरी-बृंदावन की भक्तिगीत यात्राओं द्वारा इन गीतों को और भी विस्तृत करते हैं। बिहार के पूरबी जिलों में, जिधर से होकर श्रीचैतन्य ने पदयात्रा की थी, भक्तिशृंगार के गीतों की परपरा के पीछे इसी विशाल भारतीय भक्ति आन्दोलन का एक छोटा रूप देखा जा सकता है।

राँची जिले का पांचपरगना-तमाड़, बुण्डू, राहे, सोनाहातु, सिल्ली इलाका जिले का सबसे समतल और उपजाऊ इलाका है। यह झारखण्ड प्रदेश और बगाल को भौतिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोणों से मिलाता है। नागपुरी भाषा यहीं बंगला के प्रभाव में आने के कारण पंचपरगनियाँ कही जाती है। इसी कारण यहाँ के साहित्य में भी बंगला का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। आधार हैं किन्तु वाह्य प्रभावों से इनका ऊपरी रूप किंचित अलग हो गया है। यहाँ हमें आदिवासी और अभिजात्य साहित्य के मिश्रण का एक सुन्दर उदाहरण मिलता है।

इसी पचपरगना इलाके में तमाड़ से दो मील पूरब में बवैकुण्डी एक गांव है जहाँ पिछली (19वीं) शताब्दी के प्रथम दशक के आस-पास श्री बुधनाथ शिखर का जन्म हुआ था। उनके पिता का नाम श्री गौर शिखर था। कहते हैं कि शिखर परिवार तमाड़ राजपरिवार का बसाया हुआ है। तमाड़ के तत्कालीन राजा श्री उपेन्द्रनाथ शाहदेव एक अच्छे कला प्रेमी थे। शिखर परिवार को उन्होंने एक छोटी सी जागीर देकर बवैकुण्डी गांव में बसाया। श्री गौर शिखर दरवारी गायक थे। इनके पुत्र बुधनाथ को गीत संगीत की विरासत अपने पिता से ही मिली। श्री बुधनाथ ने प्रारंभ में पंचपरगना-बंगला और पचपरगनियाँ नागपुरी में ही गीत लिखे, और एक अच्छे गीतकार के रूप में उन्हें तत्कालीन राहे निवासी कवि विनंदसिंह के समकक्ष रखा जा सकता है, किन्तु उन्होंने अपनी सर्वश्रेष्ठ रचनाएं-प्रीतपाला और रामायणपाला मुण्डारी में ही लिखीं। मुण्डारी

गांव में पलने के कारण उनका मुण्डारी जानना स्वाभाविक ही था। परिणामत: मुण्डारी सांस्कृतिक भूमिका में इन गीतों का अपूर्व स्वागत हुआ और इसी के साथ बुधनाथ शिखर बुदु बाबू बन गए और सारे मुण्डारी इलाके में छा गए।

कला सृजन के लिए सारी आवश्यक सामग्री पहले से ही वातावरण में वर्तमान थी। बुदुबाबू ने उसे मात्र एक नई दिशा दी। भागवतोल्लिखित गोपी कृष्ण प्रेम को आदिवासी जीवन के समीप लाकर उन्होंने गीत रचना में एक नया प्रयोग किया है। इस प्रयोग के सफलीभूत होने में बुदुबाबू के तत्कालीन मित्रों-हरि, कालीप्रसाद, और धनंजय का सबसे बड़ा हाथ था। ये बुदुबाबू के ही सहग्रामवासी थे और उनकी पत्नी हड़द् की नृत्यकार जोड़ो, सदामनि जैसे सहनाई वादक और भवानी जैसे ढोल वादक का भी योग था। इन सारे कलाकारों ने बुदु बाबू के गीतों को एक जीवंत रूप दिया।

कलाकार मित्रों की मण्डली में रहते-रहते नाच और गान बुदु बाबू के जीवन के अंग हो गए और गीत बनाना उनके वार्तालाप करने का एक विशिष्ट ढंग ही हो गया। उनके अंतिम दिनों तक आते-आते लोगों को विश्वास हो गया था कि वे गीतों के एक जादुगर ही थे। कहते हैं कि एक बार बुदु बाबू अपने साथियों के साथ पड़ोस के एक गांव में नाचने गए हुए थे। उसी गांव में किसी व्यक्ति को एक सांप ने काट दिया। जब बुदु बाबू को इसकी सूचना मिली तो उन्होंने तत्क्षण मनसा (सर्पदेवी) की बंदना में एक गीत रचा और सांप काटे हुए व्यक्ति को लक्ष्य करके गाया। उनका ऐसा करना था कि सांप का विष उतर गया और वह आदमी भी उनके साथ नाच में सम्मिलित हो गया।

बुदु बाबू (और उनके मित्रों) के गीतों को देखकर साफ पता चलता है कि उनके गाँव (तथा आस-पास के इलाकों) में रामायण, महाभारत और भागवत पुराण का पाठ होता था। इन ग्रंथों के संस्करण बंगीय थे— जैसा कि उनके गीतों के छन्द और बिंब विधान से पता चलता है। किन्तु बुदु बाबू की रुचि रामकथा और कृष्णकथा की यथापूर्व पुनरावृति में नहीं थी। उन्होंने जनमानस की दो मूलभूत मनोवृत्तियों– प्रेम और उत्साह को ध्यान में रखकर ही भागवत पुराण से राधाकृष्ण के प्रेम और रामायण से राम लक्ष्मण की लंका विजय संदर्भ को अपने गीतों का विषय बनाया है। बुदु बाबू सरसता के कवि थे– उन्होंने अपने गीतों को दार्शनिक दांव-पेंच से यथाशक्ति दूर ही रखा।

प्रस्तुत गीतों को समझने के लिए हमें यहाँ बहुत कहने की आवश्यकता नहीं होगी। प्रीतपाला का संबंध राधाकृष्ण के प्रेम से है जिसमें नायक और नायिका के

चरित्र का विकास एक क्रमिक रूप में किया गया है। धूल में खेलने और गाय चराने के साथ कृष्ण का रचित्र उद्वाटित होता है और गोपियों के साथ रासलीला, उनके मथुरागमन तथा पुनर्मिलन के साथ उस चरित्र में परिपूर्णता आती है। प्रेम व्यापार की तीन अवस्थाओं उत्कंठा, मिलन और विरह का चित्रण बुदु बाबू ने बड़े ही प्रभावोत्पादक ढंग से किया है। एक बात द्रष्टव्य है कि बुदु बाबू के कृष्ण-राधा को फिर से मिलते हैं। वे भागवत के निर्दयी कृष्ण नहीं बनते जो स्वयं गोपियों से मिलने के बदले उद्धव को उनके यहाँ ब्रह्म विद्या का सिद्धान्त प्रचार करने के लिए भेजते हैं। बुदु बाबू की प्रीतपाला में बिरह गीतों की बहुलता के बावजूद उसकी समाप्ति मिलन गीतों के स्वर से होती है। एक प्रकार से पुनर्मिलन के गीतों तक आकार ही विरह गीतों की प्रेमजनित तीब्रता का स्खलन होता है। स्पष्ट है कि बुदु बाबू प्रेम की ऊँचाई विरह में तनी हुई मानसिक स्थिति में नहीं वरन् मिलन में बंधी हुई संतोषावस्था में देखते हैं।

यदि प्रीतपाल प्रेम काव्य है तो रामायणपाला वीर काव्य। बुदु बाबू ने रामपाला की कथा रामायण के युद्ध खण्ड से ली है। संक्षेप में यह श्री राम-लक्ष्मण की वारन सेना के साथ लंका की विजय यात्रा का वर्णन है। लंका विजय के आधार राम-लक्ष्मण ही हैं लेकिन उत्साह और वीरता का जो चित्र बुदु बाबू ने हमें दिया है वह वानर चरित्रों, विशेषकर हनुमान, के माध्यम से ही उभरता है। पुल निर्माण में वानर वीरों का एक दूसरे से स्पर्धा, लंकेश्वर रावण की शक्ति का आंकलन, राक्षसों की परेशानी, मंदोदरी की भयावह बल प्रार्थना और रावण की अन्तिम हार के पीछे वानर ही अधिक सक्रिय दिखाई देते हैं। मात्र एक गीत में— जिसमें राम-लक्ष्मण शिव की बंदना कर रहे हैं— वानर चरित्रों की उपस्थिति का अभाव है। वानरों में भी बुदु बाबू ने हनुमान और अंगद का चरित्र बड़े ही जाज्वल्यमान रूप से चित्रित किया है।

दोनों ही काव्य ग्रंथों की रचना कवि ने स्थानीय सांस्कृतिक भूमिका में की है। प्रीतपाला के कृष्ण, राधा और अन्य गोपियाँ आदिवासी समाज के युवक-युवतियों के प्रतिनिधि हैं। आदिवासी समाज के अपेक्षाकृत स्वच्छन्द प्रेम व्यापार को ही जैसे बुदु बाबू ने भागवत पुराण की आड़ में चित्रित किया है। उसी तरह लंका विजय के लिए निकला हुआ वानर दल, और कोई नहीं, कर्म और संघर्षशील आदिवासी समाज ही है। बुदु बाबू ने स्वयं उन चरित्रों का जीवन जीकर उनका चित्रण किया है। इसीलिए ये गीत इतने प्रभावशाली हो सके हैं। गीतों के चरित्रों और कवि में हम जिस तादात्म्य की बात कर रहे हैं वह गीतों के मनितापदों से ही स्पष्ट दिखाई देता है।

हर कवि भाषा के साथ कुछ न कुछ प्रयोग करता है। बुदु बाबू के साथ भी यह बात लागू होती है। गीतों की भाषा मुण्डारी हैं किन्तु छन्द बंगला के हैं। इसलिए कहीं–कहीं स्थानान्तरण की विचित्रताएँ आ गई हैं जो कविता की भाषा में स्वाभाविक है। कविता की भाषा अपने आप में गद्य की भाषा से कुछ अलग होती है। परंपरागत मुण्डारी गीतों की भाषा भी बोल–चाल की भाषा में कुछ अलग ही है जिनकी चर्चा हमने अन्यत्र की है। काव्यगत विशेषताओं को ध्यान में रखकर ही प्रस्तुत गीतों में व्याकरण संबंधी असंगतताओं के साथ न्याय किया जाना चाहिए।

इन गीतों का अधिकांश गुरुवर श्री जगदीश त्रिगुणायत द्वारा सम्पादित ''बांसुरी बज रही है'' (1957) और माननीय विशप श्री दिलबर हंस द्वारा सम्पादित मुण्डा दुरङ (1942) में किंचित अन्य रूपों में प्रकाशित हो चुका है। परंपरागत गीतों से बुदु बाबू के गीतों को एक स्वतंत्र रूप देना और एक क्रमिक रूप में प्रस्तुत करना ही हमारा उद्देश्य है। हमने कोई नई व्याख्या करने का दावा नहीं किया है। इतना अवश्य है कि गीतों के अनुवाद में अपने पूर्ववर्ती विद्वानों के अनुभवों से लाभ उठाकर हमने कई बातें अधिक स्पष्ट करने की कोशिश की है। ऐसा भी हो सकता है कि स्पष्ट करने के चक्कर में कुछ बातें घपले में पड़ गई हों। फिर भी बुदु बाबू के गीतों को लेकर बाल की खाल निकालने वाले किसी विद्वान् के अवतार लेने के पहले हम इतने से ही संतोष करते हैं।

इस पुस्तक को वर्तमान रूप देने में मेरे सहयोगियों में सर्वश्री उषा, सुनंदा, रानी, मदिराय, रोलेना और गंदुरा जी ने विशेष सहायता दी है। वे हमारे धन्यवाद के पात्र हैं। नॉवल्टी आर्ट प्रेस के प्रबन्धक श्री महेन्द्र सिंह की तत्परता से ही यह पुस्तक प्रकाश में आ रही है। गीतों के मर्मज्ञ, मेरे पिताजी को खुश करना बड़ा कठिन है फिर भी उनका आशीर्वाद तो हमें किसी न किसी रूप में लेना ही है।

—मिनिसोटा विश्वविद्यालय
संयुक्त राज्य अमेरिका।

— रामदयाल मुण्डा

****

प्रीतपाला के गीत

****

1. तीते रानि रू तान ता'ल	रानी यशोदा हाथ से ताल दे रही है
ती ते रानि रु तान ता'ल	रानी (यशोदा) हाथ से ताल दे रही है
सुसुन तानाएः नानद लाल	(और) प्रभु नन्दलाल नाच रहे हैं
छिनि-छिनि साड़िताना पाएंजानि	छिन-छिन बज रही है पंजनी
हाए-हाए राजा रानि	हाय, हाय, राजा रानी (के साथ)
लेल तानाको सोबेन गोआलिनि।	देख रही हैं सभी गोपियां
बाङका बुङकुइः सुसुन ताना	वह आड़ी तिरछी नाच रहे हैं
जिलि मिलि ताना जुल ताना	(और) झिलमिल चमक रहे हैं
काजि तानाएः रानि सुसुनमे नीलमनि	रानी कहती है-नीलमणि, नाचो
हाए-हाए राजा रानि	हाय, हाय, राजा रानी (के साथ)
लेल ताना को सोबेन गोआलिनि।	देख रही हैं सभी गोपियां
चाण्डुः मोचा रे राजा रानि	उसके चांदमुख को राजा रानी
चुमा ताना किङ घाड़ि-घाड़ि	चूम रहे हैं घड़ी घड़ी
ओमाइ तानाकिङ दहि छेनि	उसे दे रहे हैं, दही-छेना
हाए-हाए राजा रानि	हाय, हाय, राजा रानी (के साथ)
लेल ताना को सोबेन गोआलिनि।	देख रही है सभी गोपियां
मोलोङ रेः टीका चानदान कान	उनके मस्तक पर टीका चंदन
तुरतान सिंगि लेकाएः जुलतान	जल रहा है जैसे उगता सूरज
काजिताना ताबु बुदु बाबु बानि	बुदु बाबू कर रहे हैं उसी का वर्णन
हाए-हाए राजा रानि	हाय, हाय राजा रानी (के साथ)
लेल तानाको सोबेन गोआलिनि।	देख रही हैं सभी गोपियां

☆☆☆

2. हेरा काना जोतो बेड़ा	सारी घाटी बोई गई है
हेरा काना जोतो बेड़ा	सारी घाटी (में अनाज) बुना गया है
गाइ पारोमजाना माराङ गाड़ा	(और) गाय नदी के पार चली गई
जू बोदे जू धाउड़िमे कानहाइ	कन्हाई, जाओ जल्दी दौड़ो
सेनोः जानाएः ताम जुमबुड़ि गाइ	तुम्हारी लोभी गाय चली गई
निर जानाएः ताम जुमबुड़ि गाइ	तुम्हारी लोभी गाय भाग गई
जू बोदे जू धाउड़ि में कानहाइ।	कन्हाई, जाओ जल्दी दौड़ो

किसान दोरे: होरो ताना	किसान रखवाली कर रहा है
जोम लेरे होए एराङ मेआ	अनाज खाये जाने पर गाली देगा
जू बोदे जू धाउड़ि में कानहाइ	कन्हाई, जाओ जल्दी दौड़ो
सेनो: जानाए: ताम जुमबुड़ि गाइ	तुम्हारी लोभी गाय चली गई
निर जानाए: ताम जुमबुड़ि गाइ	तुम्हारी लोभी गाय भाग गई
जू बोदेजू धाउड़ि में कानहाई।	कन्हाई, जाओ जल्दी दौड़ो
बुदु बाबु कोटोङ ता:इआ	बुदु बाबू (गाय को) रोके हुए हैं
धाउड़ि लेरे हो काए: दाड़िआ:	(किन्तु) वह दौड़ तो नहीं सकता
जू बोदे जू धाउड़ि में कानहाई	कन्हाई, जाओ जल्दी दौड़ो
सेनो: जानाए: ताम जुमबुड़ि गाइ	तुम्हारी लोभी गाय चली गई
निर जानाए: ताम जुमबुड़ि गाइ	तुम्हारी लोभी गाय भाग गई
जू बोदे जू धाउड़ि में कानहाई।	कन्हाई, जाओ जल्दी दौड़ो

☆☆☆

3. उरि: गुपिआते गोपाल — गाय चराने के बाद गोपाल

उरि: गुपिआते गोपाल	गाय चराकर गोपाल
हिजु: लेनाए: आकाल-बाकाल	वापस आया व्याकुल
आम नातिन दोआ काना	तुम्हारे लिए रखा हुआ है
रोका तोआ लोटा रे	ताजा दूध लोटे में
चो: लेमा	(आओ) चूम लूँ
आमा: सुगाड़ा मिरु मोचा रे	तुम्हारे सुन्दर सुग्गा मुखड़े को
चो: लेमा।	(आओ) चूम लूँ
सेन बेड़ा डागार-डुगुर	उसके ढुलमुल चलने से
ओड़ा: राटि सोभा जाना	घर शोभायमान हो गया
जोसोदा माए: काजिताना	मां यशोदा कहती हैं
एला बाछा सुगा रे	आओ मेरे प्यारे सुग्गे
चो: लेमा	(आओ) चूम लूँ
आमा: सुगाड़ा मिरु मोचा रे	तुम्हारे सुन्दर सुग्गा मुखड़े को
चो: लेमा।	(आओ) चूम लूँ

बुदु बाबु काजि ताना	बुदु बाबू कहते हैं (कि)
उरिः गुपि आलोम सेना	तुम गाय चराने न जाओ
कंस राजा मेनाइः ताबु	(क्योंकि) राजा कंस जो है
मुदाइ मुरकाटा रे	(वह) हमारा मुदई है
चोः लेमा	(आओ) चूम लूँ
आमाः सुगाड़ा मिरु मोचा रे	तुम्हारे सुन्दर सुग्गे मुखड़े को
चोः लेमा।	(आओ) चूम लूँ

☆☆☆

4. सेन लेनाञ वृंदा बिरते — मैं वृंदावन गया था

सेन लेनाञ वृंदा बिरते	मैं वृन्दावन गया था
उरिः गाइ को गुपि मेनते	गाय बैल चराने के लिए
कोदोम दारू बाङका दाड़ा रे	(देखा कि) कदम वृक्ष की बांकी डाल पर
रुतु ओरोङ दुब केआते	बैठकर वह बांसुरी बजा रहे हैं
कोदोम दारु बाङका दाड़ा रे	कदम वृक्ष की बांकी डाल पर
सुगाड़ा–सुगाड़ा हेरेल कुड़िको	सुन्दर सुन्दर मधुर युवतियाँ
(डाड़ि) दाः ते हिजुः आको	डाड़ी का पानी भरने आती हैं
आयाः रुतु दुराङ आयोमते	उसकी बांसुरी की आवाज सुनने का
एन घाड़ि–घाड़ि हिजुः आको डाड़िते	बार बार डाड़ी पर आती हैं
आयाः रुतु दुराङ आयोमते	उसकी बांसुरी की आवाज सुनने को
पाड़िआ पाचोन किचिरि	रंगीन, पाड़िया कपड़े पहने
जेताए आङगि, (जेताए) सासाङ साड़ि	कोई लाल कोई पीली साड़ी
एन लेका होको सिंगार कानको	ऐसा ही शृंगार धारण किए
बा तेगे तोपाकाना ताको सुपिद दो	उनके खोपे फूलों से ही भरे हैं
एन लेका होको सिंगारा कानको	ऐसा ही शृंगार धारण किए

पिरिति काजि कुलि मेनते	प्रीति की बातें पूछने के लिए
दो-दो सुफाल दोएआ एनते	मित्र सुफल, चलो वहाँ चलें
बुदु बाबु निआगे जागारे	बुदु बाबू यही कहते हैं
बाड़ाए-बुडुइः नुपुलि कुड़ि हातु रे	गांव में सांवरी-सुन्दर युवती हैं
बुदु बाबु हो निआगेः जागारे	बुदु बाबू यही कहते हैं

☆☆☆

5. गाड़ा जापाः रे प्रभुइः दुबा काना — नदी के किनारे प्रभु बैठे हुए हैं

गाड़ा जापाः प्रभुइः दुबा काना	नदी के किनारे (हमारे) प्रभु बैठे हुए हैं
दो बोदे दो	चलो, जल्दी चलो
आएः लो:ते लेपेल मोने ताना	उसे देखने का मन करता है-
दो बोदे दो	चलो, जल्दी चलो
कोदोम सुबारे रुतुइः ओरोङ ताना	कदंब के नीचे वे बांसुरी बजा रहे हैं
दो बोदे दो	चलो, जल्दी चलो
रुतु तेदो आञगेः नुतुमताना	बांसुरी से वे मेरा ही नाम ले रहे हैं
दो बोदे दो	चलो, जल्दी चलो
जी ताञ दो आलाए बालाए ताना	मेरा जी अकबक कर रहा है
दो बोदे दो	चलो, जल्दी चलो
आएः लो:ते बाकाड़ां सानाङ ताना	उसके साथ बात करने की इच्छा होती है
दो बोदे दो	चलो, जल्दी चलो
बुदु बाबु देआरे उदुर ताना	बुदु बाबू पीठ पर धक्का दे रहे हैं (कि)
दो बोदे दो	चलो, जल्दी चलो
दोला दोला दोला दोला दोना	सखि चलो, चलो, चलो, चलो
दो बोदे दो	चलो, जल्दी चलो
आएः लो:ते बाकाड़ां सानाङ ताना	उनके साथ बात करने की इच्छा होती है
दो बोदे दो	चलो, जल्दी चलो

☆☆☆

6. छाएला दोलाबु लेला — सखि, चलो देखने चलें

नाकिगेनपे सुपिदेनपे	बाल संवारो, खोंपा बनाओ
पाड़िआ किचिर किचिरिनपे	(और) पड़िया कपड़ा पहनो
छाएला, दोलाबु लेला	छैला, चलो हम देखने चलें
बिर बितार प्रभुइः सुसुन तानारे	वन-बीच प्रभु नाच रहे हैं
छाएला दोलाबु लेला	छैला, चलो हम देखने चलें
होटाः रेदो मुंगा माला	गले में पहनो मूँगे की माला
तीरे साकोम काटारे पोला	हाथों में सकोम, और पैरों में पोला
छाएला दोलाबु लेला	छैला, चलो हम देखने चलें
बिर बितार प्रभुइः सुसुन तानारे	वन-बीच प्रभु नाच रहे हैं
छाएला दोलाबु लेला	छैला, चलो हम देखने चलें
रासिकान को एला दोला	रीझ लगने वालों! चलो चलें
बुदु बाबु नेरेगेः लेला	बुदु बाबू तो यहीं से देखेंगे
छाएला, दोलाबु लेला	छैला, चलो हम देखने चलें
बिर बितार प्रभुइः सुसुन तानारे	वन-बीच प्रभु नाच रहे हैं
छाएला, दोलाबु लेला	छैला, चलो हम देखने चलें

☆☆☆

7. गेल तुरि साए गुपिन को — सोलह सौ गोपियाँ

गेल तुरि साए गुपिन को	सोलह सौ गोपियाँ
सिङ बोंगा लोः सुसुन ताना को	प्रभु के साथ नाच रही हैं
दोला-दोला दोला दोलाबु लेला	चलो, चलो, चलो, हम दखने चलें
एला-एला एला एला	आओ, आओ, आओ, आओ
रासिकान को सुसुन ताना	रीझवार नाच रहे हैं,
सेवातान को सेवा ताना	सेवक सेवा कर रहे हैं
दोला दोला दोला दोलाबु लेला	चलो, चलो, चलो, हम देखने चलें
एला-एला-एला एला	आओ, आओ, आओ, आओ

बिर बितार ताला माला	वन के भीतर, ठीक उसके बीच
नीला ताना को किष्टो नीला	वे कृष्ण लीला रचे हुए हैं
दोला-दोला-दोला-दोलाबु लेला	चलो, चलो, चलो, हम देखने चलें
एला-एला एला एला	आओ, आओ, आओ, आओ
बुदु बाबु रुतुइः ओरोङ ताना	बुदु बाबू बांसुरी बजा रहे हैं
ब्रज गोपिन को सुसुन ताना	(और) ब्रज गोपियां नाच रही हैं
दोला दोला दोला दोलाबु लेला	चलो, चलो, चलो, हम देखने चलें
एला-एला-एला एला	आओ, आओ, आओ, आओ

☆☆☆

8. नेंदे-नेंदेः दुतिआना — वह रंगीन धोती पहना हुआ है

नेंदे-नेनदेः दुतिआना	वह रंगीन धोती पहना हुआ है
उरिः गाइकोएः गुपि ताना	(और) गाय-बैल चरा रहा है
बिर बितार जोलारेः दुबा काना	वन बीच वह चढ़ान पर बैठा हुआ है
रुतु तेदो आमगेः नुतुम ताना।	बांसुरी से वह तुम्हारा ही नाम ले रहा है
इचाः बा तेः डालिआना	(सिर पर) इचः फूल शोभ रहा है
सामाड़ोमतेः मालाकाना	(और) गले में सोने की माला है
सेर मेड़ेंद होड़ोमो जुलेताना	गलित लोहे सा-उसका शरीर जल रहा है
रुतु तेदो आमगेः नुतुम ताना।	(और) बांसुरी से वह तुम्हारा ही नाम ले रहा है
पारकाआते होञ लेलकेना	मैंने उसे दूर से ही देखा था
इनाते राधाञ हिआकाना	राधा, इसीलिए मैं (तुम्हारे) यहाँ आई हूँ।
पुरा चाण्डुः बिररेः तुराकाना	(लगता है) पूर्ण चन्द्र वन में उगा है
रुतु तेदो आमगेः नुतुम ताना।	बांसुरी से वह तुम्हारा ही नाम ले रहा है।
बुदु बाबु काजि ताना	बुदु बाबू कहते हैं (कि)
नेकान होड़ो काञ लेलाना	मैंने ऐसा आदमी नहीं देखा है
सिङबोंगा चि बोंगाएः दुबाकाना	भगवान् या कोई देवता बैठा हुआ है
रुतु तेदो आमगेः नुतुम ताना।	बांसुरी से वह तुम्हारा ही नाम ले रहा है।

9. ओको कोरे छाएला–माएला — वह छैला

ओको– कोरे छाएला–माएला	वह छैला
ओको कोरे होए: दुबाकाना	वह कहाँ बैठा है
नलिता दा: आउलाङ सेना	ललिता, चलो हम पानी भरने चलें
भाइ राधा–राधा नुतुम	राधा, राधा, के स्वर में
रुतुइः ओरोङ ताना भाइ	वह बांसुरी बजा रहा है
राधा–राधा नुतुम।	राधा राधा के स्वर में
बागे तामगो उतु–मांडि	खाना–पकाना छोड़ दो
सेन कोआलाङ ने घाड़ि	चलो हम इसी घड़ी जाएँ
कुड़ाम बितार जीरे रुडुङताना	छाती के अन्दर हृदय में धुकधुकी उठ रही है
भाइ राधा–राधा नुतुम	राधा राधा के स्वर में
रुतुइः ओरोङताना भाइ	वह बांसुरी बजा रहा है
राधा–राधा नुतुम।	राधा राधा के स्वर में
जीरे रुतु गुतुजाना	बांसुरी मन में बिंध गया
मुटु दांगार लेका बाले ताना	(मन) बड़ी लकड़ी की तरह धधक रहा है
निदा सिंगि ईमरे गेदेताना	मेरा जी रात–दिन कटा जा रहा है
भाइ राधा–राधा नुतुम	राधा राधा के स्वर में
रुतुइः ओरोङ ताना भाइ	वह बांसुरी बजा रहा है
राधा–राधा नुतुम।	राधा राधा के स्वर में
आलाए–बालाए जी दोना	जी अकबक कर रहा है
इलि बुल नाञ बुलाकाना	मुझमें शराब का नशा आ गया है
बुदु बाबु इनाए: दुराङ ताना	बुदुबाबू यही गा रहा है
भाइ राधा–राधा नुतुम	राधा राधा के स्वर में
रुतुइः ओरोङ ताना भाइ	वह बांसुरी बजा रहा है
राधा–राधा नुतुम।	राधा राधा के स्वर में

☆☆☆

10. बिर बितार प्रभु गोपाल वन के बीच प्रभु गोपाल

बिर बितार प्रभु गोपाल	वन के बीच प्रभु गोपाल
बाइ तादाए: नीला चामात्कार	रचे हुए हैं (रास) लीला चमत्कार
झिकि-मिकि जुलताना	(जो) झिल-मिल झिल-मिल चमक रहा है
सोबेन ब्रजधनी	सारी ब्रज नारियाँ
राधा विनन्दिनी	राधा, विनंन्दिनी (आदि युवतियां)
जोतो को हिआकाना हो	सभी आई हुई हैं
एला-एला-एला एलाबु लेला	आओ, आओ, आओ, हम देखने चलें
दोला-दोला-दोला-दोला	चलो, चलो, चलो, चलो
सिंङ बोंगा बाइतादा नीला हो	प्रभु ने रास लीला रची है
एला-एला-एला- एलाबु लेला	आओ, आओ, आओ हम देखने चलें
दोला-दोला-दोला-दोला।	चलो, चलो, चलो, चलो
पुरा चाण्डु: लेकाए: तुराकाना	वे पूर्ण चन्द्र की तरह उगे हुए हैं
ब्रज गोपि को इपिलाकाना	ब्रज गोपयां तारिकाएं बनी हुई हैं
एन लेका सोभा काना	इस तरह शोभा छाई हुई है
निदा सिंगि ताबु	आओ दिन रात
सेनेगे आबु	हम चलते ही रहें
दो-दो-दो-दोलाबु हो	बंधु, चलो, चलो, चलो, चलो
एला-एला-एला- एलाबु लेला	आओ, आओ, आओ हम देखने चलें
दोला-दोला-दोला-दोला	चलो, चलो, चलो, चलो
सिङ बोंगा बाइतादा नीला हो	प्रभु ने रास लीला रची है
एला-एला-एला-एलाबु लेला	आओ, आओ, आओ हम देखने चलें
दोला-दोला-दोला-दोला।	चलो, चलो, चलो, चलो

बिङ होड़ोको हादुडुआ काना	नाग और नर उतरे हुए हैं
बोंगा मुनि को दुबाकाना	देव और मुनि बैठे हुए हैं
लेल ताना को नीला	सभी रास लीला देख रहे हैं
प्रभु सिरोमानि	प्रभु शिरोमणि
रुतु ओरोङ तानिः	बजा रहे हैं बांसुरी
तालारेः सुसुन ताना हो	(और) बीच में नांच रहे हैं
एला-एला-एला-एलाबु लेला	आओ, आओ, आओ हम देखने चलें
दोला-दोला-दोला-दोला	चलो, चलो, चलो, चलो
सिङ बोंगा बाइतादा नीला हो	प्रभु ने रास लीला रची है
एला-एला-एला-एलाबु लेला	आओ, आओ, आओ हम देखने चलें
दोला-दोला-दोला-दोला।	चलो, चलो, चलो, चलो
सोबेन होड़ोको उडुङाकाना	सारे लोग निकल गए हैं
बुदुबाबु ताबु तायोमा काना	केवल बुदुबाबू ही रह गए हैं
इपाएः डोण्डो होड़ो लेका	एक मूर्ख आदमी की तरह
हिजुः आएः चिहो	(पता नहीं) वह आएगा
काएः हिजुः आहो	या नहीं आयेगा
आबु दोबु सेनेगेआ हो	हम तो चलते ही चलेंगे
एला-एला-एला-एलाबु लेला	आओ, आओ, आओ हम देखने चलें
दोला-दोला-दोला-दोला	चलो, चलो, चलो, चलो
सिङ बोंगा बाइतादा नीला हो	प्रभु ने रास लीला रची है
एला-एला-एला-एलाबु लेला	आओ, आओ, आओ हम देखने चलें
दोला-दोला-दोला-दोला।	चलो, चलो, चलो, चलो

☆☆☆

11. तिरि-रिरि, तिरि रिरि — (बांसुरी की) तिरि-रिरि आवाज

तिरि रिरि तिरि रिरि	तिरि रिरि की आवाज में
रुतुइः ओरोङ ताना	वे बांसुरी बजा रहे हैं
राधा-राधा राधाएः नुतुमताना	राधा, राधा कह कर पुकार रहे हैं
इनाते दुति आञदोञ बालाए ताना।	इससे, हे सखी, मैं व्याकुल हो रही हूँ

दिन दिन दिन सोबेन दिनते	प्रत्येक दिन, सब दिन
इनागे गुतुतान	यही बेधता है
निदासिंगि दुति जी रे रुडुङतान	रात दिन, हे सखी, हृदय कूटता रहता है
इनाते दुति आञदोञ बालाए तान।	इससे, हे सखी, मैं व्याकुल हो रही हूँ
लेलि लेलि लेलिते	ढूँढ़ने, देखने से
का होए: लेलो:आ	वे दिखाई नहीं देते
मोने-मोने मोनेरेञ ले लिआ	(केवल) मन में ही दिखाई देते हैं
इनाते दुति आञदोञ बालाए तान।	इससे, हे सखी, मैं व्याकुल हो रही हूँ
दो दो दो दो दो बोदे दो	चलो, चलो, चलो जल्दी चलो
बोदे तेञ काजि तान	जल्दी चलो यही रह रहकर
बुदुबाबु ताबु इनागे दुराङतान	बुदुबाबू गीत गा रहे हैं
इनाते दुति आञदोञ बालाए तान।	इससे, हे सखी, मैं व्याकुल हो रही हूँ

☆☆☆

12. सेन लेनाञ जामुनाते — मैं यमुना गई थी

सेन लेनाञ जामुनाते	मैं यमुना गई थी
हिजु:तान रे आनलि ते	(और) वापसी में, हे ललिते (मैंने देखा)
रासिका नागार होरा रे: कामिताना रे	(कि) रसिक नागर रास्ते में काम कर रहे हैं
प्रभु गातिञ रे	हमारे प्रिय प्रभु,
प्रभु गातिञ रे	हमारे प्रिय प्रभु,
बा कान बा माला रे।	फूलों की माला पहने हुए हैं
लेल कि:ञाए: साए-साएते	उन्होंने मुझे देखा तिरछी आंखों से
लानदा केदाए: माआड़िंते	वे मुस्कुराए धीरे से
बा मालाते बा किञा:ए:होटो रे	(और) उन्होंने फूलों की माला गले में पहना दी
प्रभु गातिञ रे	हमारे प्रिय प्रभु,
प्रभु गातिञ रे	हमारे प्रिय प्रभु,
बा कान बा माला रे।	फूलों के माला पहने हुए हैं

साब कि:ञाए: साकिञ मेनते	उन्होंने संगिनी कहकर मुझे पकड़ लिया
हिड़िकि:ञाए: हेड़ेम जागार ते	मीठी बातों से मुझे ठग लिया
दुब कि:ञाए: लेंगा ती पानति रे	(और) अपनी बाईं ओर मुझे साथ बैठाया
प्रभु गातिञ रे	हमारे प्रिय प्रभु,
प्रभु गातिञ रे	हमारे प्रिय प्रभु,
बा कान बा माला रे।	फूलों की माला पहने हुए हैं
गाड़ा जापा: कोदोम बिर रे	नदी के किनारे कदंब वन में
कृष्ण प्रेमते आनलिते	हे ललिते, श्री कृष्ण ने प्रेम से
चुमा कि:ञाए: मोचाते-मोचारे	मुझे मुखड़े पर चूम लिया
प्रभु गातिञ रे	हमारे प्रिय प्रभु,
प्रभु गातिञ रे	हमारे प्रिय प्रभु,
बा कान बा माला रे।	फूलों के माला पहने हुए हैं

☆☆☆

13. राधा रानी काजिताना — राधा रानी कह रही है

राधा रानी काजिताना	राधा रानी कह रही है (कि)
प्रभु काजितेबु हिड़ि जाना	प्रभु की बात से हम ठगी गई
आगो दुति	हे सखियों
निमिनाङ सा'ज सोबेन ओकारोन दो।	इतना साज-शृंगार बेकार पड़ गया
ताला निदा चाबा जाना	आधी रात बीत गई
सिम मारा: को बाकाड़ां ताना	मुर्गे और मोर बोल रहे हैं
आगो दुति	हे सखियों,
बा उरु को होनोर बेड़ातान दो।	(फूलों पर) भौंरे मंडरा रहे हैं
बिर बा हो उरुड़ ताना	वन फूल झर रहे हैं
सिंगि तुर सा: आंगि जाना	पूरब में लालिमा छा गई
आगो दुति	हे सखियों,
बा कान बा सोबेन गोसोतान दो।	खिले हुए फूल मुर्झा रहे हैं
चि मेनते चिकाजाना	किस बात से क्या हो गया
हिजु:आए: चि: होसोड़ोकि:ञा	वह आयेंगे भी या हमें ठग लिया
आगो दुति	हे सखियों,
बुदुबाबु दुराङ बाइतान दो।	बुदु बाबू (यही) गीत गा रहे हैं

14. सोबेन गोपिन को दुबकेना	सभी गोपियाँ बैठी हुई थीं
सोबेन गोपिन को दुबकेना	(मैं और) सारी गोपियां बैठी हुई थी
बाड़ाइ बुड़ि रा: किञा:	(तभी) बड़ई-बूढ़ो ने मुझे बुला लिया
नेरे सुफल रुतु आदाकान	सुफल, यहीं मेरी बांसुरी खो गई है
ब्रज गोपिन कोलो:ञ दुबकेना हो	(तब) मैं ब्रज गोपियों के साथ बैठा हुआ था
नेरे सुफल रुतु आदाकान।	सुफल, यहीं मेरी बांसुरी खो गई है
सोबेन गोपिन को दुबकेना	सारी गोपियों ने मुझे घेर लिया (था)
तालारे होञ सुसुन केना	(और) मैं बीच में नाच रहा था
नेरे सुफल रुतु आदाकान	सुफल यहीं मेरी बांसुरी खो गई है
रासिकाते का होञ ठोराना हो	रसविभोर, मुझे कुछ भी याद नहीं आया
नेरे सुफल रुतु आदाकाना।	सुफल, यहीं मेरी बांसुरी खो गई है
कुड़िको तालारे आदाकान	औरतों के बीच ही (वह) खो गई है
नामो:आ चि का नामो:आ	मिलेगा भी कि नहीं मिलेगा
नेरे सुफल रुतु आदाकान	सुफल, यहीं मेरी बांसुरी खो गई है
हिआतिङते का होञ जोमतान हो	चिन्ता से मैं खाना तक नहीं खाता
नेरे सुफल रुतु आदाकाना।	सुफल, यहीं मेरी बांसुरी खो गई है
बुदु बाबु काजि ताना	बुदु बाबू कहते हैं (कि)
बाड़ाइ बुड़ि इतुआना	बढ़ई-बूढ़ी यह सब जानती है
नेरे सुफल रुतु आदाकान	सुफल, यहीं मेरी बांसुरी खो गई है
निदा सिंगि जीरेञ उडु:तान हो	रात दिन मुझे इसी की चिन्ता है
नेरे सुफल रुतु आदाकाना।	सुफल, यहीं मेरी बांसुरी खो गई है

☆☆☆

15. बाड़ाइ बुड़ि नुपुलि कुड़ि	बड़ाई बूढ़ि, कुरुप औरत
बाड़ाइ बुड़ि नुपुलि कुड़ि	(उस) कुरूपा औरत, बड़ाई ने
आञके: हिड़ि कि:ञरे	हे सखि, मुझे ठग लिया
गाड़ा जापा: कोदोम सुबा	नदी के किनारे कदम्ब तले
एनते: इदि कि:ञा रे।।	वह मुझे वहाँ ले गई

रासिका नागर हरि	रसिक नागर हरि
एनरेः दुबाकाना रे	वहाँ बैठे हुए हैं
आञ लेलते इनुङ मेनते	मुझे देखकर लीला पूर्वक
रुतुइः ओरोङ तानारे।	वह बांसुरी बजा रहे हैं।
आञ जापाःए होपोर केते	वह मेरे पास आये
बा तेः बा किःञारे	(और) उन्होंने मुझे फूल पहना दिया
तिसिङाते साकिङ जाना	आज से हम साथी हुए
मेनतेः काजिआःञा रे।	ऐसा उन्होंने मुझसे कहा
इसु खेलातेः जागार केना	हमने क्रीड़ापूर्वक बातें की
बुदु बाबु लेलान रे	बुदु बाबू ने यह सब देख लिया
ने जोनोम रे नेका सुकु	इस जन्म में ऐसा सुख
ओड़ोः का नामोःआ रे।	सखि, और नहीं मिलेगा

☆☆☆

16. एनलेकान सुगाड़ाताञाः — मेरा वह सुन्दर

एन लेकान सुगाड़ा ताञ	इस तरह के मेरे सुन्दर सलोने को
ओकोए उकु किःआ रे	कौन चुरा ले गया?
हाए रे हाए रे ताञ रे	हायरे, हायरे, हायरे
हाए रे ओकोए हिड़ि किःआ	मुझे किस ने ठग लिया
हाए रे हाए रे ताञ रे।	हाय रे, हाय रे
नलिता गो इदि तान रे	हे ललिता, जो ले गया है
ओकोए लेल लिःआ रे	उसे किसने देखा है?
हाए रे हाए रे ताञ रे	हायरे, हायरे, हायरे
हाए रे ओकोए उकु किःआ	उसे किसने छिपा लिया?
हाए रे हाए रे ताञ रे।	हायरे, हायरे, हायरे
सोबेन गोपिन सेनोःआबु	हम सब गोपियां चले
दोला नामिआबु रे	और चलकर उसे खोंजे
हाए रे हाए रे ताञ रे	हायरे, हायरे, हायरे
हाए रे ओको दिसुम तिआ	वह किस देश की चला गया?
हाए रे हाए रे ताञ रे।	हायरे, हायरे, हायरे

बुदु बाबु कुलिआबु	हम बुदु बाबू से पूछें
आए: लेल लि:आ रे	(क्योंकि) जाते समय उन्होंने देखा था
हाए रे हाए रे ताञ रे	हायरे, हायरे, हायरे
एनते आए: इदिबुआरे	हमलोगों को वहीं ले जायेंगे
हाए रे हाए रे ताञ रे।	हायरे, हायरे, हायरे

☆☆☆

17. हातु–हातु, गाड़ा–गाड़ा — गाँव–गाँव, नदी–नदी

हातु–हातु गाड़ा–गाड़ा	गाँव–गाँव और नदी–नदी
सुफल लो: किङ होनोर बेड़ा	वे सुफल के साथ घूमते–फिरते थे
आएआ: नातिन गो दुति इआम बिउर ताना	उसके लिए, हे सखी, हम रोते फिरते हैं
सुगाड़ा ताञा: ओकोए उकु कि:आ।	हमारे सुन्दर को किसने छिपा लिया
मोद तेलिङ इनुङकेना	हम एक साथ खेलते थे
एनकाजि काए: उडु:आना	इस बात को उन्होंने नहीं सोचा
एन गातिञ गो दुति ओको हातु ति:आ	वे प्रिय, हे सखी, किस गाँव को चले गये
सुगाड़ा ताञा: ओकोए उकु कि:आ।	हमारे सुन्दर को किसने छिपा लिया
हाए गातिञ जी ताञा:	हाय, मेरे प्रिय, मेरे प्राण
आञा: सुफल ओकोतिआ	हे सुफल, कहाँ चले गये?
आएआ: नातिन गो दुति मेद दा: जोरो ताना	उनके लिए, हे सखी, आँसू झर रहे हैं
सुगाड़ा ताञा: ओकोए उकु कि:आ।	हमारे सुन्दर को किसने छिपा लिया?
बुदु बाबु लेल लि:आ	बुदु बाबू ने उसे देखा है
कुबुजि कुड़ि उकु तिआ	कुब्जी ने उसे छिपा लिया है
एन गातिञ गो दुति काए: हिजु:आ	वह प्रिय अब नहीं आएगा
सुगाड़ा ताञा: ओकोए उकु कि:आ।	हमारे सुन्दर को किसने छिपा लिया

☆☆☆

18. विनंदिनी, कुलि जा:इआ — विनंदिनी पूछ रही है

विनंदिनी कुलि जा:इआ	बिनन्दिनी से (राधा) पूछ रही है
प्रभु गातिञ ओको तिआ	सखि, हमारे प्रभु कहाँ गए?
सेनो:आबु दोलाबु नामिआरे	चलो, हम उन्हें ढूँढ़ें
ओ नलिता	हे ललिते
ओको तिआ नागर कालिआ।	नागर कालिया, कहाँ गए?
बोदे तेञ हिजु:आ मेनते	जल्दी ही आऊँगा कहकर
दुतिः हिड़ि कि:ञा रे	सखि, उसने हमें ठग दिया
निमिनाङ दिनते कारेः लेलो:आरे	इतने दिन होने पर भी वह दिखाई नहीं देते
ओ नलिता	हे ललिते
ओकोतिआ नागर कालिआ।	नागर कालिया, कहाँ गए?
हिजु:आ चि काएः हिजु:आ	वह आएंगे या नहीं आएँगे
हितातिङते गोजो:आ रे	चिंता से मैं मर जाऊँगी
निदा सिंगि दुति मोनेरे मेना:इआ	सखि, रात-दिन मुझे उन्हीं की कामना है
ओ नलिता	हे ललिते
ओकोतिआ नागर कालिआ।	नागर कालिया, कहाँ गए?
ओकोतिआ ओकोतिआ	वह कहाँ चले गए, कहाँ हैं
एनतेञ सेनो:आरे	हम वहीं जाएँगे
बुदुबाबु ताबु सोंगेञ इदिआरे	हम बुदु बाबू को भी साथ ले जाएँगे
ओ नालिता	हे ललिते
ओकोतिआ नागर कालिआ।	नागर कालिया, कहाँ गए?

☆☆☆

19. आञाः सुगाड़ा सुनदार नाटवार — मेरे सुन्दर नटवर

आञाः सुगाड़ा सुनदार नाटवार	हमारा सुन्दर नटवर
ओको तिआ कालिआ नागर	हमारा सांवला नागर कहाँ चला गया?
ओकोए नातिन	(मैं) किसके लिए (जा रही हूँ?)
दुति, ओको तिआ कालिआ नागर।	सखी, वह सांवला नागर कहाँ चला गया

आञ दो होञ जीदाकान	मैं जीवित हूँ
जी ताञ हो सेनो: जान	लेकिन मेरी जान निकल गई
ओकोए नातिन	(मैं) किसके लिए (जी रही हूँ?)
दुति, जी ताञ हो सेनो:जान।	सखी, मेरे प्राण निकल गए
दारू दाड़ा रेञ हाका गोजेन	मैं किसी पेड़ की डाली पर फांसी लगा लूँगी
ने दिसुम ताला रे	(मै) इस दुनिया में (नहीं रहूँगी)
ओकोए नातिन	मैं किसके लिए (जी रही हूँ?)
दुति, ने दिसुम ताला रे।	सखी, इस दुनिया में
सुगाड़ा सोमाए ताञा: बासि गिड़िजान	मेरी सुन्दर जवानी बासी हो गई
बुदु बाबु दुराङ बाइतान	बुदु बाबू गीत बना रहा है
ओकोए नातिन	(मैं) किसके लिए (जीवित हूँ?)
दुति, बुदु बाबु दुराङ बाइतान।	सखी, बुदु बाबू गीत बना रहा है

☆☆☆

20. आगो, आगो, आगो दुति — हे सखि, सुनो सखि

पायार — आगो, आगो, आगो दुति	(मुझे बताओ), सखि
ओकोतिआ ब्रजपाति	कहाँ चले गए ब्रजपति?
मागे मागेते बोछोर मुड़िजान	माघ माघ कहते हुए वर्ष खत्म हो गया
ओड़ो: गातिञ काए: हिजु:आ	वह और नहीं आएंगे
आञदो होञ ठोओर केदा	मुझे इसका पता लग गया
ओकोरे होए: लेएठ गिड़िनजान।	(पता नहीं) वे कहां बंध गए
राङ — नलिता वृन्दा दुति	हे ललिता, वृन्दा, सखि
ओकोतिआ ब्रजपाति	कहाँ गए ब्रजपति
निदा सिंगि कुड़ाम बितार	रात दिन हृदय में
आए:गे उङ्: तान	उन्हीं की चिन्ता है
दुमबुर लेका आञा:जी	मेरा मन मधुमक्खी की भांति
ओटाङ बिउर तान।	उड़ता फिरता है

पायार — बिर रे बा उरुडुताना | वन के फूल झर रहे हैं
बुरु सेरेङ को लोलो ताना | पहाड़ के पत्थर तप रहे हैं
चेड़ें रेएङ को रागो बागो ताना | पंछी और झींगुर विलाप कर रहे हैं
बुरु रे साकाम ओटाङताना | पहाड़ से पत्तियाँ उड़ रही है,
सेतोम दाः आनजेद ताना | झरने सूख रहे हैं
लेल-लेलते मेद दाः जोरोताना। | यह देखकर मेरे आँसू बह रहे हैं,

राङ — हाए गातिञ ओकोतिञा | हाय सखि, वे कहां गए?
हिजुआएः चि काएः हिजुःआ | वे आएंगे या नहीं आएंगे?
होरा लेलते हिआतिङते | राह देखते हुए चिन्ता से
मेद दाः जोरोताना | आंसू झर रहे हैं
आरिल लेका आञाःजी | मेरा जी वफई की तरह
लेआ गिड़ि ताना। | पिघला जा रहा है

पायार — आञ दो होञ दुडुम लेना | मैं तो सोई हुई थी
हापे-हापेतेः बिरिद जाना | (जब) वे चुपचाप उठे
कुमबुडु लेकाएः उडुङ हापेजाना | (और) चोर की तरह निकल गए
इसु खोओन रेञ ठोओर केदा | बहुत देर में मुझे लगा (कि)
गातिञ ताञ दो ओको तिआ | मेरे प्रिय कहीं चले गए
एन निर गेः निर गिड़िनजान। | (और) निकले तो निकल ही गए

राङ — आबेन दोबेन लेलाना | तुमने तो देखा होगा
ओको मुलितेः सेनोः जाना | वे किस तरफ चले गए?
दोला दोला दोलाबुना | सखि, चलो चलें,
आञदोञ बालाए तान | मैं तो व्याकुल हूँ
हिजातिङते आएः नातिन | उसके लिए चिंतन करते हुए
जी गे सेनोः ताना। | मेरा जी चला जा रहा है।

पायार — मथुरा रेः नीला ताना | वे मथुरा में लीला कर रहे हैं
राधा कालाङ किनी जाना | राधा कलंकिनी बन गई
निआ काजि वेद रे ओलाकाना | यह बात वेद् में लिखी हुई है
कुबुजि कुड़ि छुलि किःआ | कुब्जी ने छल किया
दिसुम रेन राजा ताञाः | मेरी धरती के राजा के साथ
आएः लोः पिरिति तुद गिड़ि जाना। | उसके साथ की मेरी प्रीति उखड़ गई

राङ — बुदु बाबु काजिताना	बुदुबाबू कहते हैं (कि)
मथुरा रे: राजा जाना	श्री कृष्ण मथुरा के राजा हो गए
कुबुजि कुड़ि सुगाड़ा जाना	कुब्जी सुन्दरी हो गई
आञ दोञ इतुआना	मैं यह जानता हूँ
आबेन आलोबेन सेना गातिञ	सखि तुम वहां मत जाना
आए: लो: नीला ताना।	(अब) वे उसके साथ लीला कर रहे हैं

★★★

21. ओकोतिआ ब्रजबाला — ब्रजबाला कहाँ गए?

ओको तिआ ब्रजबाला	कहाँ गया ब्रज-बाल
सुगाड़ा सुनदोर काला	श्याम सुधड़ सुन्दर
इदिकेदाए: सोबेन नीला खेला	लीला, खेल सब कुछ वह ले गया
आगो दुति सेनो:आबु दोला।	सखि, चलो हम वहाँ चलें
आञ दोरेञ चिकाजाना	मझे यह क्या हो गया—
निदा सिंगि नुबा: जाना	मेरे लिए रात-दिन अंधकार हो गया
ति: इदिञपेरे दुति दोला	मुझे वहाँ सहारा देकर ले चलो
आगो दुति सेनो:आबु दोला।	सखि, चलो हम वहाँ चलें
तिसिङ जोदि काबु सेना	आज यदि नहीं गये हम
तोबे आञदोञ गोजो:आना	तब मर ही जाऊँगी मैं
जी बितार जुल ताना जाला	जी के अन्दर जल रही है ज्वाला
आगो दुति सेनो:आबु दोला	सखि, चलो हम वहाँ चलें
आञ दोरेञ ठोओराना	मुझे ऐसा लगता है
मथुराते: सेना काना	(कि) वे मथुरा गए हैं
बुदु बाबु एनरे: लेल लि:आ	बुदु बाबू ने उन्हें वही देखा था
आगो दुति सेनो:आबु दोला।	सखि, चलो हम वहाँ चलें

★★★

22. ओकोरेः उकु किःआ प्रभु सिरोमनि — प्रभु शिरोमणि को कहाँ छिपा दिया

ओकोए उकुकिःआ प्रभु सिरोमनि	प्रभु शिरोमणि को किसने छिपा लिया
ओकोए नातिनबु ताइना ब्रज गोपिन	हम ब्रज की गोपियाँ किसके लिए जीएँ
सोबेन दोलाबुना	सखियों, चलो हम सब चले
दुति गाड़ारेबु डोबे गोजेना	हम नदी में डूब मरें
सोबेन दोला बुना।	चलो हम सब चलें
ने दिसुम तालारेबु जीदा काना ब्रेथा	हम व्यर्थ ही इस दुनिया में जन्में हैं
नलिता चमपाकला ओगो वृन्दा	हे ललिता, चम्पकलता, वृन्दा सखियाँ
सोबेन दोला बुना	चलो हम सब चलें
दुति दारुरेबु हाका गोजेना	सखियों, हम पेड़ से कूद मरे
सोबेन दोलाबुना।	चलो हम सब चलें
जाति-पाति दुकु-सुकु सोबेन सेनोःजाना	जाति पाति, दुख-सुख सब चला गया
कुलो कालांक जाना इना ताइजाना	कुल में कलंक हुआ, वही रह गया
सोबेन दोलाबुना	चलो हम सब चलें
दुति इकिर रेबु आतु गोजेना	सखियों, हम गहराई में बह मरें
सोबेन दोलाबुना।	चलो हम सब चलें
बुदु बाबु काजि ताना सिंगिनुबाः जाना	बुदु बाबू कहते हैं कि दिन को ही रात हो गई
दोला-दोला दोलाबु सोबेनको दोलाबुना	चलो, चलो, चलो, चलें
सोबेन दोलाबुना	चलो हम सब चलें
दुति काटा सुबारे जीबु हादेना	सखियों, हम उनके पैरों में प्राण दे दें
सोबेन दोलाबुना	चलो हम सब चलें

☆☆☆

23. कुइलि कुहु ताना — कोयल कूक रही है

कुइलि कुहु ताना	कोयल कूह रही है
बोछोर मुंडि जान	वर्ष खत्म हो गया
तेउ काएः लेलोःआ	तब भी वह दिखाई नहीं देते
मोडें तुरि माएः नेंडा तुकादा रे	पाँच-छः दिनों (में आने) की बात कर गये थे
आहो गातिञ ओकोतिःआ	हाय, प्रिय कहाँ चले गए
आहो सांगाञ चिमाए तिःआ।	हाय, हमारे संगी कहाँ चले गए

मुरुद बा बा जान	पलास के फूल खिले
मानदुकाम सुड़ा जाना	महुवा की कोपलें फूटीं
तेउ काए: लेलो:आ	तब भी वह दिखाई नहीं देते
आगो वृन्दा ओकोए नातिन बा लाङ गालाङ	हे वृन्दा, हम किसके लिए माला बनाएँ
आहो गातिञ ओकोति:आ	हाय, हमारे प्रिय कहाँ चले गए?
आहो सांगाञ चिमाए ति:आ।	हाय, हमारे संगी कहाँ चले गए
आहो होरा लेल लेलते	उनकी राह देखते देखते
जोम का जोमो:आ तीते	हाथ से खाना भी नहीं खाया जाता
तेउ काए: लेलो:आ	तब भी वह दिखाई नहीं देते
हिजु:आ चि ताञ काए: हिजु:आ रे	पता नहीं वे आयेंगे या नहीं आएँगे
आहो गातिञ ओकोति:आ	हाय, हमारे प्रिय कहाँ चले गए?
आहो सांगाञ चिमाए ति:आ।	हाय, हमारे संगी कहाँ चले गए?
सोबेन गोपिन सेनो:आबु	हम सब गोपियाँ मिलकर जाएँ
बुदु बाबु लो: नामिआबु	बुदु बाबू के साथ उन्हें खोजें
तेउ काए: लेलो:आ	पर वे दिखाई नहीं देते
निदा सिंगि आबु इनाबु कामिआरे	हम उन्हें रात-दिन खोजते फिरें
आहो गातिञ ओकोति:आ	हाय, हमारे प्रिय कहाँ चले गए?
आहो सांगाञ चिमाए ति:आ।	हाय, हमारे संगी कहाँ चले गए?

☆☆☆

24. नलिता वृन्दा दुति — हे सखि, हे ललिता

नलिता वृन्दा दुति	हे ललिता और वृन्दा,
सेनो:बेन मथुराते	तुम मथुरा जा कर देखो
चिका मेनते	(कि) किस कारण से
प्रभु काए: हिजु: नेते	प्रभु यहाँ नहीं आ रहे हैं
चिका मेनते	किस कारण से
निदा सिंगिञ उडु:ताना	रात दिन मुझे इसकी चिंता है
बुलाकानाए: चि कामिते	(कि) क्या वे काम में मत्त हैं
इना मेनते	(और) इसी कारण
प्रभु काए: हिजु: नेते	वह यहाँ नहीं आ रहे हैं
इना मेनते।	इसी कारण

एन हातुरेन हापानुम को	उस गाँव की युवतियों ने
बुल ता:इआको रानुते	उन्हें दवा पिलाकर मत्त बना दिया है
इना मेनते	इसी कारण से
प्रभु काए: हिजु: नेते	प्रभु यहाँ नहीं आ रहे हैं
इना मेनते।	इसी कारण से।
जू ना बोदे जू सेनो:बेन	जाओ तुम जल्दी जाओ
बुदु बाबु लो: मोद ते	बुदु बाबू को साथ ले जाओ
चिका मेनते	किस कारण से
प्रभु काए: हिजु: नेते	प्रभु यहाँ नहीं आ रहे हैं
चिका मेनते।	किस कारण से

☆☆☆

25. सोबेन गोपिन को आयुमेपे — सभी गोपियों, सुनो

सोबेन गोपिन आयुमेपे	सभी गोपियाँ, सुनो
दहि चाटु दुपिलेपे	दही का मटका सिर ले लो
इसु दिनाते काञ लेलाना सोंगि मेनते	बहुत दिनों से प्रिय के दर्शन नहीं हुए
सेनो:आबु मथुरा ते	चलो, हम मथुरा चलें
इसु दिनाते काञ लेलाना सोंगि मेनते।	बहुत दिनों से प्रिय के दर्शन नहीं हुए
सोलोहो सिंगारेनपे	सोलहों श्रृंगार कर लो
हेनदे आङगि किचिरिन पे	नीली, रंगीन कपड़ा पहन लो
कुलि लेरे काजिआबु दहि मेनते	पूछने पर कहेंगे कि दही है
सेनो:आबु मथुराते	चलो, हम मथुरा चलें
इसु दिनाते काञ लेलाना सोंगि मेनते।	बहुत दिनों से प्रिय के दर्शन नहीं हुए
दोला-दोला-दोला मेनते	चलो, चलो, चलो कहकर
सामपोड़ोन जाना वृन्दे दुति	वृन्दावन की सखियाँ तैयार हो गई
लेल लेरे हिजु:आ ताञ सोंगि मेनते	हमें देखते ही साथी कहकर कृष्ण आयेंगे
सेनो:आबु मथुराते	चलो हम मथुरा चलें
इसु दिनाते काञ लेलाना सोंगि मेनते।	बहुत दिनों से प्रिय के दर्शन नहीं हुए
जी ताञ दो हिआ तिङते	मेरा मन चिंता से भरा है
सेनो: ताना सोमाए दिनाते	दिन दिन समय जा रहा है
बुदु बाबु दुराङ बाइतान हिआतिङते	बुदु बाबू चिंतित मन से गीत गा रहे हैं
सेनो:आबु मथुरा ते	चलो हम मथुरा चलें
इसु दिनाते काञ लेलाना सोंगि मेनते।	बहुत दिनों से प्रिय के दर्शन नहीं हुए

26. हातु जाइड़ कोड़ा कुड़ि — गाँव के सब नर–नारी

हातु जाइड़ कोड़ा कुड़ि	गाँव भर के नर–नारी
इआम ताना किङ राजा रानी (हो)	राजा रानी सभी रो रहे हैं
ताड़ाए काटा बोंगा मेनते	चरण कमलों की पूजा के लिए
सोबेन बालाए ताना (हो)	सब लालायित हैं
आहो गोमकेम सेना चि काम सेना (हो)।	प्रभु, तुम वापस जाओगे या नहीं जाओगे?
निदा सिंगि राधामणि	रात दिन राधामणि
आम नातिन रुयुद तानि: (हो)	तुम्हारे लिए रोया करती है
आएआ: काजि बिनति मेनते	उसकी बात अर्ज करने
आलिङ दो हिआकाना (हो)	हम यहाँ आये हैं
आहो गोमकेम सेना चि काम सेना (हो)।	प्रभु, तुम वापस जाओगे या नहीं जाओगे?
जे दिनातेम हिआ काना	जिस दिन से तुम यहाँ आये हो
एन दिनाते काए: जोमाना (हो)	उस दिन से उसने खाना भी छोड़ दिया है
जीदाकाना ची: गोए: जाना	पता नहीं जीवित है या मर गई
इनाञ हिआतिङ ताना (हो)	हमें इसी की चिंता है
आहो गोमकेम सेना चि काम सेना (हो)	प्रभु, तुम वापस जाओगे या नहीं जाओगे?
बुदु बाबु काजि ताना	बुदु बाबू कहते हैं—
आम चिमताङेम सेना (हो)	तुम कब जाओगे!
आनरे बेआकुल ताना	वहां सभी व्याकुल हैं
सोबेन होरा गे लेल ताना (हो)	सभी तुम्हारी राह देख रहे हैं
आहो गोमकेम सेना चि काम सेना (हो)	प्रभु, तुम वापस जाओगे या नहीं जाओगे?

☆☆☆

27. तिसिङ निदाञ कुमु लेना — आज रात को मुझे सपना आया

तिसिङ निदाञ हिजु: लेना	आज रात को मुझे सपना आया
प्रभु गातिञ रे हिजु: लेना	कि मेरे प्रिय प्रभु आए हुए हैं
नलिता रे, इसु निदालिङ नीला केना	ललिता, हमने रातभर लीला की
आए: नातिनजी ताञ दो लो ताना।	उनके लिए मेरा जी जल रहा है
आलोको तिलोक काना	उन्होंने टीका–तिलक लगाया है
बोंगा बुरु गोए: तुरा काना	देवता की तरह उगे हुए हैं
नलिता रे, मारा: ईलते: चुड़ाकाना	ललिता, उनके जुड़े में मयूर पंख हैं
आए: नातिन जी ताञ दो लो ताना।	उनके लिए मेरा जी जल रहा है

नेंदे–नेंदेः दुतिआना	वह रंगीन धोती पहने हुए हैं
रांगा रुतु गोएः रुतुआना	(और) रंगीन बांसुरी बजा रहे हैं
नालिता रे, बिरबातेः माला काना	ललिता वह वन फूलों की माला पहने हुए हैं
आएः नातिन जी ताञ दो लो ताना।	उनके लिए मेरा जी जल रहा है
बांका–बुंकु तिंगुआ काना	वह आड़े–तिरछे खड़े हैं
मुचु–मुचु गोएः लानदा ताना	वह मुस्की हँसी हँस रहे हैं
नालिता रे, राधा–राधा रुतुइः ओरोङ ताना	ललिता, वह राधा–राधा स्वर में बांसुरी बजा रहे हैं
आएः नातिन जीताञ दो लो ताना।	उनके लिए मेरा जी जल रहा है
पारका रे गोञ तिंगु केना	मैं दूर ही खड़ी थी
इनाते गातिञ लेल लिःआ	तभी मैंने उसे देख लिया
नालितारे, बुदु बाबुलोः किङ ताइकेना	ललिता, वह बुदु बाबू के साथ थे
आएः नातिन जी ताञ दो लो ताना।	उनके लिए मेरा जी जल रहा है

★★★

28. आना सोंगिको, दोलाबु सामपोड़ेना — सखियों, चलो तैयार हो जाएँ

आना सुंगिको, दोलाबु सामपोड़ेना	सखियों, चलो तैयार हो जाएँ
बाआबु गालाङा	हम फूल पिरोएँ
तिसिङ गातिञ हिजुःआ	आज मेरे प्रिय आने वाले हैं
बाआबु गालाङा।	हम फूल पिरोएँ
आना सुंगिको, दोलाबु रेआड़ेन	सखियो, चलो हम नहाने जाएँ
बाआबु गालाङा	हम फूल पिरोएँ
सांगाञ बाआतेबु तोपाइआ	अपने संगी को फूलों से लाद दें
बाआबु गालाङा।	हम फूल पिरोएँ
आना सुंगिको, सोबेनतेबु तालाइआ	सखियों, हम उन्हें बीच में करेंगे
बाआबु गालाङा	हम फूल पिरोएँ
सांगाञ चाओंअर तेबु टापाइआ	हम उनपर चंवर डुलाएँगे
बाआबु गालाङा।	हम फूल पिरोएँ
आना सुंगिको, ओड़ोः काबु बागिआ	सखियो, हम उन्हें और नहीं छोड़ेंगे
बाआबु गालाङा	हम फूल पिरोएँ
बुदु बाबु लोः किङ हिजुःआ	वे बुदु बाबू के साथ आएँगे
बाआबु गालाङा।	हम फूल पिरोएँ

29. सेन लेनाञ मथुराते — मैं मथुरा गई थी

सेन लेनाञ मथुराते	मैं मथुरा गया था
हि:आ कानाञ इनाते हो	मैं वहीं से आ रहा हूँ
आन रेआ: नीला खेला जोतोञ लेलकेना	मैं वहाँ का लीला खेल सारा देख आया हूँ
प्रभु दोरे गोमके जाना	प्रभु स्वामी बन गए
कुबुजि कुड़ि रानी जाना	(और) कुब्जी रानी बन गई
ब्रजरेन कन्हाइ ताबुइ: राजा जाना	हमारे ब्रज के कन्हाई राजा बन गए
आञ दोञ लेल केना।	मैं तो देख आया
रुतान को रुताना	बजाने वाले बजा रहे हैं
सुसुन तानको सुसुन ताना	नाचने वाले नाच रहे हैं
दिसुम रेन होड़ोको जोतोको हिआकाना	देश के सारे लोग आए हुए हैं
बामाड़ें गोसाञ को दुबा काना	ब्राह्मण, गोसाईं बैठे हुए हैं
पोथि पांजिको लेल ताना	और पोथी पंजी देख रहे हैं
दारवान सिपाई को तिंगुआ काना	दरवान सिपाही खड़े हैं
आञ दोञ लेल केना।	मैं तो देख आया
रुतु, माला बांका चुड़ा	बाँसुरी, माला और बांका चूड़ा
इनाको जोतो दोआ काना	वह सब रखा हुआ है
टोपी सोनो: ते किङ सिंगारा काना	वह टोपी कुर्त्ता से सजे हुए हैं
पांति रे किङ दुबा काना	वे साथ बैठे हुए हैं
साएते किङ लेपेल ताना	तिरछी नजरों से देख रहे हैं
सालु सुगा लेका किङ जुड़िआना	सुग्गों की तरह उनकी जोड़ी है
आञ दोञ लेल केना।	मैं तो देख आया
आगो राधा विनंदिनी	हे राधा, विनन्दिनी
काए: हिजु:आ नीलमनि	(अब) नीलमणि (वापस) नहीं आएँगे
ने दुकु कुड़ाम बितार जी रे रुडुङताना	यह दुख छाती में कूट रहा है
बुदु बाबु काजि ताना	बुदु बाबू कहते हैं कि
मोलोङ ताबु चाटा: जाना	हमारा भाग्य फूट गया
इआम-इआम तेञ हिजाकाना	मैं रोते-रोते आ रहा हूँ
आञ दोञ लेल केना।	मैं तो देख आया

★★★

30. नालिता सुंदुरि दुति — हे ललिता, हे सुंदरी

नालिता सुंदुरि दुति	सखि, सुन्दरी ललिता
राजा जानाए: ब्रज पाति	ब्रजपति राजा हो गए
इना काजि आलोम काजिआञ	वह बात मुझ से न कहो
इना काजि आएओमते	वह बात सुनकर
जी हो ओटाङतान।	मेरा जी उड़ जाता है
आदोङ काजि आएओमलेन	मैंने आधी बात ही सुनी थी
आदोङ दोरे पोचो जाना	अच्छी तरह से सुन भी नहीं पायी
इना काजितेञ बाउल गिड़िजान	उस बात से मैं चिंतित हूँ
इना काजि आएओमते	वह बात सुनकर
जी हो ओटाङ तान।	मेरा जी उड़ जाता है
आञ दो होञ उडु: लेदा	मैं तो सोच रही थी
मोदते पे हिजु:आ	(कि) तुम उनके साथ ही आओगी
